**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4344**
**(दिनांक 13.12.2019 को उत्तर देने के लिए)**

**निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल**

**4344. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**
**डॉ. जयंत कुमार रायः**
**डॉ. सुकान्त मजूमदारः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने सभी निजी उपग्रह टेलीविजन चैनलों को केवल नवीनतम संशोधित राजनीतिक मानचित्र का उपयोग करने के लिए एक सलाह जारी की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने हाल ही में भारत में हुए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के स्वर्ण जयंती संस्करण के मौके पर फिल्म बाजार का आयोजन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या संबंधित एजेंसियों को विशेष रूप से केवल भारत सर्वेक्षण विभाग और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किए गए राजनीतिक मानचित्र का उपयोग करने की सलाह दी गई थी;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या अनुवर्ती कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावडेकर)**

**(क) से (छ):** गृह मंत्रालय ने 2 नवंबर, 2019 को देश का नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया है। यह राजनीतिक मानचित्र भारत का सर्वेक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है और यह उनकी वेबसाइट http://www.surveyofindia.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

केंद्र सरकार ने केवल भारत के नए राजनीतिक मानचित्र का उपयोग करने के लिए सभी निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों को 18 नवंबर, 2019 को एडवाइजरी जारी की है।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई), गोवा के साथ वार्षिक फिल्म बाजार, फिल्म बाजार का 20-24 नवंबर, 2019 तक आयोजन किया गया।

*****